
हमारे परम प्रिय
रोहित शुक्ला
(गोलू)
को आज
जन्मदिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु–, भारतसिंह तोमर, आशीष नवाल, संजीव परमार, संदीप बारोदिया, प्रीतमसिंह सौलंकी, गंगाराम सोनगरा, कुणाल सोमानी, दीपक पंवार ।



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई–पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 247 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 21 जून 2024 | मूल्य 2 रुपया



हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ


डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333


## विद्यार्थियों को उपस्थिति के आधार पर मिलेंगे क्रेडिट अंक..!

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** नई शिक्षा नीति के तहत माध्यमिक शिक्षा मंडल क्रेडिट सिस्टम लागू करने पर विचार कर रहा है। इस सिस्टम के तहत बच्चों की स्कूल में उपस्थिति पर क्रेडिट अंक दिए जाएंगे। यह घंटों के आधार पर होंगे। अभी यह कॉलेज और सीबीएसई में पहले से लागू है। मंडल ने सीबीएसई और कॉलेजों से इसकी जानकारी देने के लिए पत्र लिखा है।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने क्रेडिट सिस्टम को पॉयलट प्रोजेक्ट के तौर पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 से छठीं, नौवीं व ग्यारहवीं में लागू करने की तैयारी की है। इस सिस्टम के तहत नौंवी में साल भर में 210 घंटे की पढ़ाई करने पर छात्रों को 40-54 क्रेडिट अंक मिलेंगे।

यह क्रेडिट अंक सभी विषयों में परीक्षा पास करने पर ही मिलेंगे। साल भर में एक कक्षा में 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य होगी। अब बोर्ड ने इसकी प्रभावशीलता का परीक्षण, मूल्यांकन करने के लिए छठी, नौवीं व ग्यारहवीं कक्षा में इन दिशा निर्देशों के एक पायलट कार्यान्वयन की योजना बनाई है। इसी की तर्ज पर मंडल इस पैटर्न पर अध्ययन कर रहा है। अधिकारियों के मुताबिक इसकी हमने जानकारी मांगी है। कक्षा में उपस्थिति के आधार पर छात्र को क्रेडिट अंक दिए जाएंगे। प्राप्त होने वाले क्रेडिट एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में जुड़ते रहेंगे।




### ग्रेड में होंगे तब्दील...

अधिकारियों ने बताया कि बाद में ये ग्रेड में तब्दील कर दिए जाएंगे। क्रेडिट प्रारंभिक चरण है। माध्यमिक शिक्षा मंडल सीबीएसई के पैटर्न को फॉलो करता है। नई शिक्षा नीति के तहत सीबीएसई ने क्रेडिट शुरू किया गया है। उसे देखते हुए मंडल भी इस पर अध्ययन कर रहा है।

### अभी पांचवीं-आठवीं में है ग्रेडिंग...

दसवीं, बारहवीं में भले ही ग्रेडिंग सिस्टम न हो, लेकिन प्रदेश में कक्षा पांचवीं और आठवीं में यह सिस्टम लागू है। बच्चों को अंकों की बजाय ग्रेड दिए जाते हैं। राज्य शिक्षा केन्द्र ने ये परीक्षाएं कराई थी। जो बोर्ड पैटर्न पर हुई थीं।

## बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे आरओ प्लांट..!

### इस बार भी गुणवत्ता जांचने के नहीं हुए प्रयास

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले में धड़ल्ले से आरओ प्लांट चल रहे हैं। इसमें अधिकांश का स्वास्थ्य विभाग में पंजीकरण भी नहीं है। ऐसी भीषण गर्मी में आरओ प्लांट के संचालकों ने पानी की सप्लाई 4 गुना बढ़ा दी है। ऐसे में अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। जिलेभर में दो दर्जन से ज्यादा आरओ पानी के प्लांट संचालित हो रहे हैं, जहां से रोजाना सरकारी दफ्तरों से लेकर घर, दुकानों, प्राइवेट ऑफिस, स्कूल, केटरिंग संचालकों के यहां और अस्पतालों में हजारों पानी की केन (कैम्पर) की सप्लाई की जा रही हैं और लाखों की संख्या में लोग पानी पी रहे हैं। प्लांट में पानी को शुद्ध करने के लिए कुछ केमिकलों का भी इस्तेमाल होता है। यह केमिकल ज्यादा मात्रा में इस्तेमाल होने पर शरीर के लिए नुकसानदायक भी साबित होते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत होते हुए लोग सादा पानी न पीते हुए आरओ प्लांट के पानी को शुद्ध समझते हुए पी रहे हैं, लेकिन जिले की जनता को जानकारी ही नहीं है कि वह बिना पानी की गुणवत्ता की जांच किया हुआ पानी पी रहे हैं। शहर सहित जिले में आरओ पानी के 24 से अधिक प्लांट है, जो सुबह से शाम तक कई दफ्तरों सहित घरों में धड़ल्ले से पानी की सप्लाई कर रहे है, इस पर आज तक संबंधित विभाग द्वारा



कहीं भी जाकर गुणवत्ता की जांच नहीं की गई। शहर में कई ऐसे आरओ प्लांट है, जो बिना रजिस्ट्रेशन संचालित होकर खराब पानी पिलाकर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। पर इस ओर संबंधित विभाग लापरवाह साबित होता नजर आ रहा है। शहर में संचालित आरओ प्लांट संचालकों द्वारा लूट मचाई हुई है। चाहे पानी गर्म है हो या ठंडा 20 लीटर पानी का कैम्पर बीस से पच्चीस रुपए तक बेचा जा रहा है। यह कारोबार पिछले कई वर्षों सें चल रहा है। लेकिन, जांच आज तक नहीं की गई।

## हत्या और तस्करी का आरोपी पुलिस कस्टडी से फरार

### गुजरात के हालोल ले गए थे पेशी पर, तीन पुलिस वाले सस्पेंड

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर से गुजरात में पेशी पर गया तस्करी और हत्या का आरोपी पुलिस कस्टडी से हथकड़ी सहित फरार हो गया। मामले में एक एएसआई, एक हेड कॉन्स्टेबल और एक कॉन्स्टेबल को सस्पेंड कर दिया गया है।

मंदसौर जिला जैल में दशरथ पिता ओमप्रकाश जाट एनडीपीएस और हत्या के मामले में बंद था। उसे एनडीपीएस के मामले में गुजरात के हालोल जिले की कोर्ट में पेश होना था। 18 जून को एएसआई नरेंद्र सिंह पंवार, हेड कॉन्स्टेबल सुनील यादव और कॉन्स्टेबल मधुसूदन विचाराधीन कैदी को लेकर गुजरात के हालोल गए थे, जहां से पुलिस कस्टडी से आरोपी दशरथ जाट हथकड़ी सहित फरार हो गया।

मंदसौर पुलिस कप्तान श्री अनुराग सुजानिया ने बताया कि कैदी के फरार होने में लापरवाही बरतने वाले तीनों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। फरार मुलजिम की तलाश की जा रही



है।बता दें कि आरोपी दशरथ जाट ने 28 मार्च को पिपलियामंडी थाना क्षेत्र के लसूड़िया राठौर गांव में 70 साल की वृद्धा चन्द्र कंवर राठौर की हत्या कर अफीम लूट कर ले गया था। आरोपी के खिलाफ राजस्थान व गुजरात में भी मादक पदार्थ की तस्करी के प्रकरण दर्ज हैं। वृद्धा की हत्या के मामले में पुलिस ने इसे 5 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से ही आरोपी जिला जैल में बंद था।


### बस के बजाए निजी कार से ले गए थे..!

जानकारी के अनुसार एएसआई व पुलिसकर्मी आरोपी को बस के बजाए निजी कार में बिठाकर पेशी के लिए लाए थे, न्यायालयीन कार्यवाही पूरी होने के बाद सभी पावागढ़ माताजी मंदिर दर्शन के लिए गए थे, रोपवे में बैठने के दौरान ही आरोपी दशरथ फरार हो गया।

## ट्रक की टक्कर से दादा की मौत, पौता घायल

**नीमच, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** सिटी थाना क्षेत्र के नीमच-मनासा मार्ग पर सिटी थाने के पास गुरुवार सुबह एक सडक़ हादसा हो गया। जहां बाइक सवार बुजुर्ग की तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई, वहीं उनका पोता गंभीर घायल है। जानकारी अनुसार नीमच हादसे में दाखेड़ा गांव निवासी राधेश्याम पाटीदार की मौत हुई है और उनका पोता जयप्रकाश घायल हो गया। पोते को पैर में मामूली चोट आई है। घटना सुबह करीब 8 बजे के आसपास की बताई जा रही है। जब राधेश्याम दारूखेड़ा से अपने पोते के साथ जावी गांव मृत्यु भोज में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान सिटी थाने के सामने ये हादसा हो गया। हादसा इतना भयावह था देखने वालों के रोंगटे खड़े हो गए। हादसे में राधेश्याम का सिर और शरीर का ऊपरी हिस्सा पुरी तरह क्षत विक्षत गया। बताया जा रहा है कि ट्रक के नीचे आने के बाद भी चालक शरीर को कई फिट तक घसीटते हुए ले गया। वहीं मृतक के शव को एंबुलेंस की सहायता से नीमच बड़े अस्पताल पहुंचाया जहां पोस्टमार्टम किया गया। हादसे के बाद लोगों की मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। वहीं ट्रक चालक भी हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## 24 जून तक दस्तक दे सकता है मानसून, भोपाल और जबलपुर में हल्की बारिश के आसार



**भोपाल, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** अरब सागर एवं बंगाल की खाड़ी में एक बार फिर मानसूनी हलचल शुरू होने के संकेत मिले है, जिसके चलते 2 दिन बाद मानसून के आगे बढ़ने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, 24 जून तक मध्य प्रदेश में भी मानसून के आने की उम्मीद है। उधर, वर्तमान में अलग-अलग स्थानों पर बनी मौसम प्रणालियों के असर से हवाओं के साथ नमी आ रही है, जिसके चलते प्रदेश के अधिकतर जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा हो रही है।

### मप्र के इन जिलों में हल्की बारिश

इसी क्रम में पिछले 24 घंटों के दौरान गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे तक बालाघाट में 78.3, शहडोल में 46, दतिया में 35, अनूपपुर में 26.4, निवाड़ी में 25, डिंडौरी में 24, सिवनी में 20, धार में 19, भिंड में 18, गुना में 14, विदिशा में 10.2, रायसेन में 10, राजगढ़ में आठ, खंडवा में सात, बड़वानी में पांच, इंदौर जिले में चार मिलीमीटर वर्षा हुई।

### गरज चमक के साथ हो सकती है बौछार

मौसम विभाग के मुताबिक, गुरुवार-शुक्रवार को भी गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। विशेषकर भोपाल, नर्मदापुरम, जबलपुर, शहडोल, सागर संभाग के जिलों में तेज बौछारें पड़ सकती हैं। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान पर बना हुआ है। पंजाब पर एक प्रेरित चक्रवात बना हुआ है। इसके अतिरिक्त उत्तरी गुजरात पर भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है।

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि इन तीन मौसम प्रणालियों के सक्रिय रहने के साथ ही हवाओं का रुख भी दक्षिणी बना हुआ है। हवाओं के साथ लगातार नमी आ रही है। इस वजह से पूरे प्रदेश में मानसून पूर्व की गतिविधियों में तेजी आ गई है। गरज-चमक के साथ अधिकतर शहरों में रुक-रुककर बौछारें पड़ रही हैं। गुरुवार-शुक्रवार को भोपाल, नर्मदापुरम, जबलपुर, शहडोल, सागर संभाग के जिलों में तेज बौछारें पड़ने की संभावना है। इस दौरान तेज रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं।



## बाइक सहित कुए में गिरा युवक, मौत

**नाहरगढ़, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र के ग्राम नागर पिपलिया के बीच बनी कुइया में बाइक सहित एक युवक के गिरने से उसकी मौत हो गई। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद किसी तरह कुइया से शव और बाइक को निकाला गया।

जानकारी के अनुसार कचनारा निवासी दीपक बागरी बाइक से घर जा रहा था। इसी दौरान नागर पिपलिया गांव में उसकी बाइक स्लिप हो गई और वह सड़क किनारे बनी कुइया में बाइक सहित जा गिरा। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची नाहरगढ़ पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से करीब दो घंटे की मेहनत के बाद शव को कुइया से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया।

## मारपीट के मामले में काका सहित दो पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** मेड पर आग लगाने के विवाद में मारपीट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों पर केस दर्ज किया। पहेड़ा निवासी विजय पिता छगनलाल पाटीदार ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे काका पृथ्वीराज ने डेढ़ माह पूर्व खेत की मेड की घास जलाई थी, इस कारण मेरे खेत के पौधे भी जल गए थे, इस बात पर गुरुवार को मैंने काका से बोला कि देखकर आग नही लगाई तो पृथ्वीराज व नरेन्द्र ने मिलकर मारपीट की, बीच-बचाव करने आई मेरी पत्नी के साथ भी धक्का मुक्की की। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## दोपहर में 12.28 बजे होगी खगोलीय घटना

### उज्जैन में आज साया भी साथ छोड़ देगा, आज दिन सबसे बड़ा तथा रात्रि सबसे छोटी

**उज्जैन, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** कहते हैं साया साथ नहीं छोडता लेकिन यह सत्य नहीं है। खगोलीय घटना के अनुसार 21 जून को दोपहर में साया कुछ देर के लिए आपका साथ छोड देगा। शुक्रवार को इस वर्ष का सबसे बडा दिन होगा और रात्रि सबसे छोटी होगी। उज्जैन में इस खगोलीय घटना को शासकीय जीवाजी वेधशाला में धूप होने पर शंकु यंत्र पर देखा जा सकेगा।

वेधशाला अधीक्षक डा. राजेन्द्र प्रसाद गुप्त के अनुसार पृथ्वी के सूर्य के चारों ओर घूमने (परिक्रमण) के कारण सूर्य हमको कर्करेखा से मकररेखा के बीच गति करता हुआ दृष्टिगोचर होता है। परिक्रमण पथ की स्थिति में इस वर्ष सूर्य 21 जून को उत्तरी गोलार्द्ध में कर्करेखा पर लम्बवत् होगा। कर्करेखा की स्थिति 23 अंश 26 कला 22 विकला उत्तरी अक्षांश पर है। 21 जून को सूर्य की क्रान्ति 23 अंश 26 कला 17 विकला उत्तरा होगी। उज्जैन कर्करेखा के नजदीक स्थित है। अत: 21 जून को स्थानीय समय दोपहर 12 बजे (भारतीय मानक समय 12 बजकर 28 मिनट) पर सूर्य, कर्करेखा पर लम्बवत् होने के कारण परछाई कुछ समय के लिए शून्य हो जायेगी। इसे शून्य छाया दिवस कहते हैं। वेधशाला में इस खगोलीय घटना को शंकु यन्त्र के माध्यम से प्रत्यक्ष देखा जा सकता है।

21 जून को सूर्य अपने अधिकतम् उत्तरी बिन्दु कर्करेखा पर होने के कारण उत्तरी गोलार्द्ध में दिन सबसे बड़ा तथा रात्रि सबसे छोटी होती है। 21 जून को उज्जैन में सूर्योदय प्रात: 5:42 पर तथा सूर्यास्त सांय 7:16 बजे पर होगा। इस प्रकार दिन 13 घन्टे 34 मिनट तथा रात्रि 10 घन्टे 26 मिनट की होगी। 21 जून के बाद सूर्य की गति दक्षिण की ओर दृष्टिगोचर होगी, इसे दक्षिणायन का प्रारम्भ कहते हैं। 21 जून के बाद उत्तरी गोलार्द्ध में दिन धीरे-धीरे छोटे होने लगेंगे तथा 23 सितम्बर को दिन-रात बराबर होंगे।

## सर्वाधिक दुर्गम है श्रीखंड महादेव कैलाश यात्रा

### इस साल 14 से 27 जुलाई तक चलेगी यात्रा, यात्रियों की सुरक्षा के लिए पहली बार तैनात होगी एसडीआरएफ, रतलाम- मंदसौर से जाएगा चार सदस्यीय दल

**निरमंड (कुल्लू), 20 जून गुरु एक्सप्रेस। भारत की सर्वाधिक दुर्गम धार्मिक यात्रा श्रीखंड महादेव कैलाश यात्रा इस बार 14 जुलाई से 27 जुलाई तक चलेगी। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के निरमंड अनुभाग में पड़ने वाला श्रीखंड महादेव लगभग साढ़े अठारह हज़ार फ़ीट की उंचाई पर है और वर्ष में एक बार केवल पंद्रह दिनों के लिए श्रीखंड महादेव यात्रा का आयोजन किया जाता है। इस अत्यंत दुर्गम और साहसिक यात्रा में इस बार रतलाम- मंदसौर से भारत भक्ति संस्थान का चार सदस्यीय दल भी शामिल होगा।**



श्रीखंड महादेव यात्रा के आयोजन को लेकर श्री खंड महादेव यात्रा ट्रस्ट की बैठक बुधवार को निरमंड के समिति हॉल में हुई। जिसकी अध्यक्षता श्री खंड महादेव यात्रा ट्रस्ट की अध्यक्षा एवम उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रवीश ने की। उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों, यात्रा ट्रस्ट के सदस्यों और चायल, जुआगी के टैंट व्यापारियों के साथ श्री खंड यात्रा को लेकर चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार यात्रा 14 से 27 जुलाई तक चलेगी। यात्रा ट्रस्ट की बैठक में एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह, यात्रा ट्रस्ट के सदस्य बुद्धि सिंह ठाकुर, गोविंद प्रसाद शर्मा, तहसीलदार जय गोपाल शर्मा, डीएसपी चंद्र शेखर कायथ, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण संजय शर्मा, डीएफओ चमन रॉय, अधिशासी अभियन्ता जल शक्ति विभाग किशोर शर्मा सहित पंचायत प्रतिनिधि, टैंट व्यापारी और श्रीखण्ड यात्रा ट्रस्ट के सदस्य मौजूद थे।

यात्रा की तैयारियों में जुटे एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने बताया कि इस बार यात्रा को पांच सेक्टरों में बांटा गया है। इसमें बेस कैंप सिंह गाड, बेस कैंप थाचड़ू, कुनशा, भीम द्वार और यात्रा के अंतिम बेस कैंप पार्वती बाग में प्रशासन द्वारा कैंप स्थापित किए जाएंगे। इसमें सैक्टर मजिस्ट्रेट और उनके साथ पुलिस अधिकारी / इंचार्ज की नियुक्ति की जायेगी। इन बेस कैंप में मेडिकल स्टाफ, राजस्व विभाग और रेस्क्यू टीम तैनात रहेगी। एसडीएम श्री सिंह ने बताया कि यात्रा में पहली बार बचाव दल एसडीआरएफ की यूनिट को यात्रा के अंतिम बेस कैंप पार्वती बाग में तैनात किया जायेगा। श्री सिंह ने बताया कि बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए श्री खंड यात्रा हेतू ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल बनाया गया है। जो जल्दी ही एक्टिवेट किया जायेगा। श्री सिंह के मुताबिक इस यात्रा में इस बार करीब दस हज़ार श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। इस यात्रा में देश भर के श्रद्धालु शामिल होते है।

श्री खंड महादेव की इस दुर्गम यात्रा में इस बार भारत भक्ति संस्थान का चार सदस्यीय दल भी शामिल होगा। इस साहसिक अभियान में रतलाम से पत्रकार तुषार कोठारी, अभिभाषक दशरथ पाटीदार, प्रकाश राव पंवार और मंदसौर के पत्रकार आशुतोष नवाल शामिल होंगे। यात्रा दल श्रीखंड महादेव यात्रा के शुरूआती दिनों में ही यात्रा प्रारम्भ करेगा।

## सीवरेज प्रोजेक्ट: डीपीआर तैयार, मंजूरी का इंतजार

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर का सीवरेज प्रोजेक्ट फिर से बदल गया है। अब दो नहीं सिर्फ एक ही चरण में इस पर काम होगा। 150 करोड़ की इसकी संशोधित डीपीआर तैयार हो गई हैं। सालों से फाइलों में घूम रहा सीवरेज प्रोजेक्ट नए सिरे से तैयार हुआ तो अब अमृत-2 में मंजूरी मिलने की आस है। मंजूरी के लिए डीपीआर भोपाल जाएगी। सीवरज प्रोजेक्ट अत्याधुनिक तकनीकी के साथ शहर में लागू होगा। इसमें 270 किमी की पूरे शहर में पाइप लाइन बिछाई जाएगी और हर घर को इससे जोड़ा जाएगा। ताकि इसमें सतत पानी प्रवाहित हो। मुक्तिधाम के समीप ट्रीटमेंट प्लांट बनेगा। जिससे शिवना जलकुंभी व नालों के मिल रहे पानी से मुक्त होगी।

शहरभर के नालों का गंदा पानी अभी शिवना नदी में मिल रहा है। इस समस्या का अब समाधान होने की उम्मीद सीवरेज प्रोजेक्ट के साथ जागी है। सीवरेज के कार्य के लिए 150 करोड़ की डीपीआर तैयार हो गई है। सालों से इसकी डीपीआर पर काम चल रहा है। कुछ माह पहले इसे दो चरण में किया गया था। लेकिन, संशोधित डीपीआर के साथ इसे अब एक चरण में ही कर दिया गया हैं। चुनावी आचार संहिता भी खत्म हो गई। अब इसकी मंजूरी प्रक्रिया शुरु हो जाएगी।

### सीवरेज प्लान के लिए 2016 में भी मिली थी अंतिम स्वीकृति...

शहर के सीवरेज सिस्टम को सुधारने के लिए एक दशक से कार्य योजना और अन्य तकनीकी बिन्दुओं पर कार्य चल रहा है। अभी तक योजना कागजों में ही कैद है। वर्ष 2016 में भोपाल में राज्य स्तरीय तकनीकी सलाहकार समिति की बैठक में मंदसौर के 220 करोड़ के सीवरेज प्लान पर अंतिम स्वीकृति मिली थी। दिल्ली और राज्य सरकार द्वारा पहले ही योजना की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति हो चुकी थी। फरवरी 2016 में दिल्ली से सीवरेज डीपीआर की स्वीकृति के बाद मार्च में वर्ल्ड बैंक और नगरीय प्रशासन विभाग की बैठक भोपाल में हुई थी। वर्ल्ड बैंक की टीम ने नगर में आकर योजना के असर का सर्वे किया था। इतनी प्रकिया के बाद योजना की राशि को लेकर प्रक्रिया अटकने से उस समय सीवरेज का कार्य नहीं हो सका था।

### यह है सीवर लाइन प्रोजेक्ट...

सीवरेज प्रोजेक्ट के अंतर्गत शहर में खुली नालियों की जगह अंडरग्राउंड नाले-नालियों का निर्माण किया जाएगा। सभी घरों को सीवरेज से जोड़ा जाएगा। नालियों का गंदा पानी मुख्य ट्रंक लाइन से होता हुआ ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचेगा। पूरी योजना के लिए 150 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई है।

# प्रदूषित पर्यावरण से बचायेगा पौधारोपण-जिला न्यायाधीश

## श्री जवाहरलाल विधि महाविद्यालय में योग, पर्यावरण, नशामुक्ति कार्यशाला सम्पन्न



**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** श्री जवाहरलाल विधि महाविद्यालय में 21 जून विश्व योग दिवस के एक दिन पूर्व योग कार्यक्रम आयोजित हुआ मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व जिला न्यायाधीश श्री सिद्धार्थ तिवारी और विशेष अतिथि म.प्र. पुलिस नारकोटिक्स प्रकोष्ठ के डीएसपी श्री विजय गुप्ता और निरीक्षक राकेश चौधरी थे। योग क्रिया पतंजलि योग संगठन के जिला प्रभारी योग गुरु बंशीलाल टांक ने कराई। **उपस्थित रहे-** विधि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कुणाल सोनी, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राकेश सोनी, डॉ. दिनेश तिवारी, विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती रामकुंवर राठौर एवं श्रीमती मोहिनीसिंह, नारकोटिक्स हेड कांस्टेबल रूपेश शर्मा और विवेकसिंह, समाजसेवी गोपाल पारवानी, जिला शांति समिति सदस्य अनिल संगवानी थे। न्यायाधीश श्री सिद्धार्थ तिवारी ने वर्तमान प्रदूषित पर्यावरण से बचने के लिए वृक्षारोपण को अनिवार्य बताते हुए कहा कि भयंकर गर्मी की तपन से परेशान होकर जब हम किसी घने वृक्ष की शीतल छाया में बैठ जाते है तो जहां हमें परम सुख शांति आनन्द की अनुभूति होती है वहीं दूसरी ओर जिस प्रदूषित पर्यावरण के कारण नित्य नवीन रोगों से हम ग्रसित हो रहे है तो इससे बचने का एकमात्र उपाय जो है वह है वृक्ष और इसलिये हमें जिस प्रकार हम परस्पर एक दूसरे के प्रति प्रेम से मानव संबंध रखते है वृक्षों से भी हमें परिवार के सदस्य की तरह संबंध बनाकर वृक्षों का संरक्षण करना चाहिये। श्री विवेक गुप्ता ने कहा कि नशे के कारण व्यक्ति अपने परिवार समाज से दूर हो जाता है। कहीं भी नशे करने वाले व्यक्ति को सम्मान नहीं मिलता सबसे बड़ी हानि नशा करने वाले के स्वास्थ्य की होती है। नशा करने वाले युवा कई प्रकार की बीमारियों के शिकार हो जाते है और असमय मृत्यु के गाल में समा जाते है। इसलिये हमें स्वयं को नशे से दूर रखकर दूसरों को नशे से दूर रहने के लिये प्रेरित करना चाहिये। योग गुरू श्री टांक ने कहा कि वर्षभर में जितने भी अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाये जाते है। वे सभी पश्चिम विदेशों से प्रस्तावित है जबकि पूर्व से माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्ताव पर एक मात्र भारत को 21 जून विश्व योग दिवस के रूप में यूएसए से जो मान्यता मिली यह भारत के लिये बहुत बड़ा सम्मान व गौरव है। इसलिये करोड़ों वर्ष पूर्व हमारी ऋषि महर्षियों को धरोहर विरासत को अपना कर सम्पूर्ण विश्व जहां शारीरिक मानसिक रोगों से मुक्ति पाकर दृष्टिस्वास्थ्य लाभ ले रहा है हमें भी 21 जून से प्रतिदिन योग करने का संकल्प जरूर लेना चाहिए। टांक ने सभी को 21 जून प्रोटोकॉल सहित योग का अभ्यास कराया जिसे सभी ने सराहा।

# गृहिणी को योग शिक्षा से जोड़ने पर पूरा परिवार योग से जुड़ेगा-आयकर अधिकारी



**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** योग एक साधना है और इस साधना में महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित कर आपने इस साधना को पूरे परिवार तक पहुंचाने का प्रयास किया है। जब गृहिणी को किसी भी कार्य में सहभागी बना लिया जाता है तो उसकेसाथ उसका पूरा परिवार उस कार्य की सफलता के लिये कार्य करने लग जाता है। योग साधना को जन जन तक प्रसारित करने का यह सबसे अच्छा माध्यम है और मन्दसौर सीए ब्रांच द्वारा आयोजित योग साधना शिविर में महिलाओं की सहभागिता देखकर कार्यक्रम की सफलता स्वमेव ही जाहिर हो जाती है। उक्त विचार मन्दसौर के आयकर अधिकारी श्री संजीव कुमार मलिक ने मन्दसौर सीए ब्रांच द्वारा लगाये जा रहे योग शिविर के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए व्यक्त किये। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण के दौरान ब्रांच के अध्यक्ष सीए दिनेश जैन ने बताया कि मन्दसौर ब्रांच महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रयत्नशील है और हमने अपनी अनेक गतिविधियों में महिलाओं को शामिल करने का प्रयास किया है। हमारे मासिक न्यूजलैटर के संपादन का कार्य भी दोनों महिला चार्टर्ड अकाउंटेंट ही पूर्ण जिम्मेदारी के साथ सम्पन्न कर रही है। योग शिविर के आयोजन में भी महिला प्रशिक्षक की उपस्थिति से हमारे परिवार की महिलाओं ने इस शिविर में सक्रियता केसाथ भागीदारी की है। मन्दसौर ब्रांच के उपाध्यक्ष सीए राजेश मंडवारिया ने कहा कि महिलाएं दिन भर घर व परिवार के कार्यों में ईतनी व्यस्त हो जाती है कि वे अपने स्वास्थ्य पर ध्यान ही नहीं दे पाती है। हमारे परिवार की महिलाएँ भी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हों व अपने परिवारजनों को भी इसके प्रति जागरूक करें, इसी उद्धेश्य के साथ इस चार दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता ने हमारा उत्साहवर्द्धन किया है और अब आगे भी हम अपनी गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक श्रीमती प्रीति जैन ने योग क्रियाओं के द्वारा स्वस्थ रहने के तरीकों पर प्रकाश डाला। साथ ही विभिन्न व्याधियों के उपचार के लिये काम में आने वाले योगासन के बारे में भी प्रशिक्षण दिया। अतिथियों का स्वागत सीए विकास भंडारी, सीए नयन जैन, सीए नीतेश भदादा, सीए अर्पित रत्नावत, सीए रोहन सोमानी, सीए चेतन गुप्ता, सीए सत्यनारायण काला, सीए रचित जैन आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन सीए आयुष जैन ने किया। आभार प्रदर्शन सीए अर्पित नागर ने किया।

# संयुक्त संचालक भोपाल ने सुचित्रा टॉकीज के नामांतरण निरस्त करने के दिए निर्देश-गुर्जर

## प्रहलाद बंधवार हत्याकांड और सुचित्रा टॉकीज नामांतरण बने एक पहेली



**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष लोकप्रिय नेता स्व. प्रहलाद बंधवार की हत्या और सुचित्रा टॉकीज के नामांतरण मंदसौर क्षेत्र के लिए एक वर्ग पहेली बने हुए हैं इस पहेली को सुलझा कर इसके पीछे का सच सभी जानना चाहते हैं लेकिन प्रहलाद बंधवार हत्याकांड की सीबीआई जांच सभी प्रयास होने के बाद भी नहीं होना और सुचित्रा टॉकीज के नामांतरण भी नगरपालिका मंदसौर द्वारा अवैध मानने के बाद भी इन नामांतरण का निरस्त नहीं होना अपने आप में यह बताता है कि मंदसौर क्षेत्र के राजनेता प्रशासनिक अधिकारी भू माफिया और डोडा चूरा तस्कर की जेब में है और इनके नीचे दबकर कार्य करते है। यह बात पूर्व पार्षद व प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा विजय गुर्जर ने सुचित्रा टॉकीज के नामांतरण निरस्त करने के संयुक्त संचालक के आदेश होने पर कही है।

आगे विजय गुर्जर ने बताया कि मयंक वर्मा संयुक्त संचालक नागरिक प्रशासन एवं विकास भोपाल द्वारा पत्र क्रमांक/157/शा/-2/नामांतरण/2021/11200 के माध्यम से संभागीय संयुक्त संचालक उज्जैन को निर्देशित किया है कि मंदसौर स्थित सुचित्रा टॉकीज यशोधर्मन मार्ग मकान नंबर 44 वार्ड क्रमांक 9, के 19 भाग के अवैध नामांतरण शून्य करने के संबंध में कार्यवाही कराकर कृत कार्यवाही से संचनालय को जानकारी भेजना सुनिश्चित करें साथ ही इसी पत्र की एक प्रति कार्यवाही हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी मंदसौर की ओर भेजकर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। अंत में विजय गुर्जर ने बताया कि सुचित्रा टॉकीज के नामांतरण निरस्त करने में और प्रहलाद बंधवार हत्याकांड की सीबीआई जांच नहीं होने देने में राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण मंदसौर के माफियाओं को कहीं ना कहीं प्राप्त है यही कारण है कि इन दोनों मामले में सही कार्यवाही आज तक नहीं हो पा रही है साथ यह भी मांग करी है की इस मामले में कार्यवाही नहीं करके मामले को गुमराह कर रहे हैं ऐसे अधिकारी कर्मचारियों की विरुद्ध भी निलंबन कर सेवा समाप्त करने की कार्यवाही करने के आदेश जारी होने चाहिए।

## आरवी कॉलेज मनासा के विद्यार्थियों को कराया शैक्षणिक भ्रमण

**मनासा, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय मानक ब्यूरो शासकीय रामचंद्र विश्वनाथ महाविद्यालय मनासा के द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों को एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण जावद (खोर )स्थित विक्रम अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री में कराया गया।अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के असिस्टेंट जनरल मैनेजर क्वालिटी कंट्रोल श्री उदय नारायण मिश्रा द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट उत्पादन फैक्ट्री, खदान कच्चे माल से सीमेंट उत्पादन प्रक्रिया एवम गुणवत्ता जांच बिंदु एवं पैकिंग सम्बन्धी विभिन्न जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय के भारतीय मानक ब्यूरो के प्रभारी प्रो. देवीलाल जी सुथार, प्रो.अरुण कुमार चौरसिया, प्रो मुकेश मालवीय सहित महाविधालय विद्यार्थी उपस्थित रहे।




## नीट परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ कांग्रेस के आह्वान पर...

# राष्ट्रपति के नाम आज दिया जाएगा ज्ञापन

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने बताया कि नीट परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आह्वान पर आज 21 जून, 2024 को देशव्यापी आंदोलन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू जी पटवारी के निर्देशानुसार मंदसौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जी जैन के नेतृत्व में आज 21 जून 2024 शुक्रवार को प्रात: 10.30 बजे गांधी चौराहा मन्दसौर पर प्रदर्शन कर महामहीम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। इस अवसर पर लोकसभा प्रत्याशी श्री दिलीप सिंह जी गुर्जर, पूर्व मंत्री श्री नरेन्द्र जी नाहटा, पूर्व विधायकगण श्री नवकृष्ण जी पाटिल, श्रीमती पुष्पा जी भारतीय, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री प्रकाश जी रातडिया सहित वरिष्ठनेतागण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने जिले के कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशीगण, जिला कांग्रेस के पदाधिकारीगण, सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्षगण, पदाधिकारीगण, मंडलम/सेक्टर अध्यक्षगण, मोर्चा संगठन, विभाग, प्रकोष्ठकेपदाधिकारीगण, जिला पंचायत, जनपद पंचायत सदस्यगण, नगर पालिका, नगर पंचायत पार्षदगण, पूर्व पार्षदगण, बूथ कमेटियों के सभी पदाधिकारीगण कांग्रेस के सभी कार्यकर्तागण से ज्ञापन में अधिक से अधिक संख्या में गांधी चौराहा मन्दसौर पर उपस्थित रहने की अपील की है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया प्रवेशोत्सव

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि. केशव नगर, मंदसौर में नवीन प्रवेश भैया/बहिन व पूर्व अध्ययनरत भैया/बहिन का शिक्षण हुआ जिसकों प्रवेशोत्सव के रूप में मनाया गया कक्षा नर्सरी से द्वादश के भैया/बहिन अपने चहरे पर मुस्कान लिए माँ सरस्वती के मंदिर में विद्या अध्ययन के लिए प्रवेश हुए। प्राथमिक विभाग के आचार्य दीदीयों ने भैया/बहिनों के कुमकुम तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर शिक्षण कार्य प्रारंभ किया साथ ही मध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के आचार्य दीदी ने तिलक लगाया सभी भैया/बहिन ने पुष्पों से स्वास्तिक एवं मंगल कलश का निर्माण किया, साथ ही विद्यालय में विराजमान बालाजी के प्रांगण में हनुमान चालीसा का पाठ कर शिक्षण कार्य प्रारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय संचालन समिति प्रो. राजेन्द्रसिंह शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ. श्री रविन्द्रकुमार जी सोहोनी, विद्यालय प्राचार्य श्री संतोष यादव प्रधानाचार्य श्री राजपालसिंह सिसोदिया उपस्थित रहे एवं सभी भैया/बहिनों को नवीन सत्र प्रारंभ की शुभकामना दी।

## लेखरा समाज आज देगा ज्ञापन

**मंदसौर, 20 जून गुरु एक्सप्रेस।** हिंदू लखेरा समाज अविभाजित मंदसौर नीमच जिला समिति एवं मंदसौर सर्वसमाज व विश्व हिन्दू परिषद मिलकर आज 21 जून 2024 शुक्रवार को प्रात: 11 बजे महामहिम राज्यपाल एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को विश्वपति शिवालय गांधी चौराहा मंदसौर पर ज्ञापन सौंपा जाएगा। हिंदू लखेरा समाज के जिला अध्यक्ष मुकेश हाटडीया, जिला प्रवक्ता दिलीप लक्षकार, मंदसौर अध्यक्ष दिनेशचन्द्र सौलंकी व उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश परिहार ने बताया कि मंदसौर जिला मध्यप्रदेश में दो दिन पूर्व कचनारा में दलौदा थाने ने कुछ जुआ खेलते जुआरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया था उनमें से एक व्यक्ति ने अपना नाम के साथ जब जाति बताई तो उसने लखारा लिखा दिया। वास्तव में वह मुस्लिम धर्म से है।

## कार्यालय नगर परिषद मनासा, जिला नीमच (म.प्र.)

क्रमांक – मनासा, दिनांक ..../..../2024

एतद द्वारा समस्त व्यक्तियों/संस्थाओं एवं हित रखने वाले व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसारआवेदकगणों द्वारा नगर परिषद मनासा सीमा क्षेत्र में स्थित भूमि भवन क्रय, वशानुक्रम आदि के आधार पर पर न.पा. अधिनियम 1961 की धारा 150 व 151में वर्णित प्रावधानों के तहत अपना नाम नगर परिषद कर निर्धारण पंजी में अंकित करवाना चाहा गया है। यदि किसी संस्थाओं एवं हित रखने वाले व्यक्तियों को इस संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ती/दावा मय वैधानिक प्रमाण पत्रों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद अवधि के किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं आगामी कार्यवाही की जावेगी।

| क्र | आवेदन का नाम | विक्रेता/मृतक का नाम | भूमि भवन का विवरण | नामातरंण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सरोज बाई पति दिलीप कुमार सौनी | राधेश्याम पिता मोहनलाल सोनी, लीलाबाई पति स्व. गणपतलाल | वार्ड क्र.04 रामपुरा रोड मनासा 1985-86 के वार्ड क्रं. 04 भवन क्रं. 57 पर दर्ज | विक्रय पत्र |
| 2 | गोपाल पिता शिवनारायण फरक्या | समन्वय कंट्रक्शंन तर्फे अधिकृत पार्टनर अर्पित गुलाटी | वार्ड क्रं. 15 सांई सीटी पार्ट 02 कॉलोनी ब्लाक बी का भूखण्ड क्रं. 25 कुल 1000 | विक्रय पत्र |
| 3 | गोपाल पिता शिवनारायण फरक्या | समन्वय कंट्रक्शंन तर्फे अधिकृत पार्टनर अर्पित गुलाटी | वार्ड क्रं. 15 सांई सीटी पार्ट 02 कॉलोनी ब्लाक बी का भूखण्ड क्रं. 24 कुल 1000 | विक्रय पत्र |
| 4 | श्रीमति कौशल्यपाल पति घनश्याम जी पाल | सुरेशचन्द्र पिता चुन्नीलाल पाल | वार्ड क्रं. 11 नया 12 व्यास कालोनी 1985-86 के भवन क्रं. 206 पर दर्जवार्ड क्रं. 15 सांई | विक्रय पत्र |
| 5 | शकुंतला पति विश्वनाथ काला | राधाबाई पति अमित रायकुंवर | वार्ड क्रं 07 रायल रेसीडेन्सी सरल क्रं. 144 का भाग कूल 490वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 6 | दिनेश कुमार पिता मोहनलाल चौहान | समन्वय कंट्रक्शंन तर्फे अधिकृत पार्टनर अर्पित गुलाटी | वार्ड क्रं. 15सांई सीटी पार्ट 02 कॉलोनी ब्लाक बी का भूखण्ड क्रं. 41 | विक्रय पत्र |
| 7 | श्री विनोद कुमार पिता बद्रीलाल पुरोहित | चौरडिया एण्ड कं. अनिल चौरडिया | वार्ड क्रं. 02 प्रेमविहार कालोनी भूखण्ड क्रं. 53 कुल 800 वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 8 | श्यामाबाई पति बंशीलाल कछावा | पार्वतीबाई पति तखतमल जैन | वार्ड क्रं. 02 गायत्री नगर सर्वे क्रं 966/2/पैकी कुल 1000वर्गफीट | डायवर्शन आदेश, विक्रय पत्र |
| 9 | नीता कछावा पति जयसिंह कछावा | गोविन्द कछावा पिता धन्नालाल कछावा | वार्ड क्रं. 02 प्रेमविहार भुखण्ड कं. 182 का भाग कुल 480 वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 10 | श्रीमति आशाबाई पति मोहनलाल भोई | शारदाबाई पति मदनलाल गुर्जर | वार्ड क्रं. 01 आम्बा क्षैत्र सर्वे क्रं. 574/1/1 पैकी कुल 800 वर्गफीट | डायवर्शन आदेश, विक्रय पत्र |
| 11 | प्रमोद कुमार पिता गोपाल सोनी, विरेन्द्र पिता शांतिलाल सोनी | आशादेवी पति गोविन्द सोडानी, कपील पिता गोविन्द सोडानी | वार्ड क्रं. 06 सदर बाजार 1985-86 पंजी क्रं. 09-07 के भवन क्रं. 200 पर दर्ज कुल 323 वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 12 | श्री मुकेश पिता नंदकिशोर हंसवाल | अंकित पिता गोविन्द सोडानी | वार्ड क्रं. 07 रायल रेसीडेन्सी भुखण्ड क्रं. 15 कुल 1100 वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 13 | श्रीमती गिरजाबाई पति गोपाल माली | समन्वय कंट्रक्शंन तर्फे अधिकृत पार्टनर अर्पित गुलाटी | वार्ड क्रं. 15 सांई सीटी पार्ट 02 कॉलोनी ब्लाक डी का भूखण्ड क्रं. 42 कुल 750 वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 14 | श्री लक्ष्मणसिंह पिता धूला जी गहलोद | शांतिलाल पिता हमेरलाल नागौरी, रमेश पिता शांतिलाल नागौरी | वार्ड क्रं. 15 आनंद विहार कालोनी भूखण्ड क्रं. 52सरल क्रं 383 पर स्थित कुल 800 वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 15 | श्रीमति वर्षा भटट् पति अनुराग भट्ट | डा. प्रदीप जैन पिता रतनलाल जैन, संगीता पति प्रदीप जैन | वार्ड क्रं. 15 आनंद विहार कालोनी भूखण्ड क्रं. 04 कुल 1500 वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 16 | सत्यनारायण पिता राधेश्याम आगार | अर्जूनलाल पिता बापूलाल समदानी | वार्ड क्रं. 06 पुराना नया 07 1985-86 पंजी क्रं. 09-06 अनुक्रंमांक 64 पर दर्ज कुल 385 वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 17 | श्री मनीष पिता रमेशचन्द्र छाबडा | रुकमण देवी पति रमेशचन्द्र, धर्मवीर मनीष छाबडा पिता रमेशचन्द्र छाबडा | वार्ड क्रं. 15 रामनगर 1985-86 पंजी क्रं. 01 215 का भाग | विक्रय पत्र, हक त्याग |
| 18 | श्री राजेन्द्र पोरवाल पिता प्रभुलाल जी पोरवाल | दिलीप कुमार लाहोटी पिता रामेश्वरलाल लाहोटी व अन्य | वार्डक्रं. 13 पार्थ रेसीडेन्सी भूखण्ड क्रं. 27 कुल 1100 वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 19 | श्री भवानी प्रतापसिंह पिता जसंवतसिंह सिसौदिया | अंकित सारडा पिता गोविंद सारडा | वार्ड क्रं. 11 रानिलक्ष्मीबाई मार्ग भवन क्रं. 106 कुल 2400 वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 20 | विवेक पिता स्व. मंगल पटवा | अंतुमबी पति रईस मो. मंसूरी, रईस मोहमद पिता मुश्ताक हुसैन | वार्ड क्रं. 14 मां विहार कालोनी भूखण्ड क्रं. 15 क्रं. 15 कुल 880 वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 21 | श्रीमती योगीता पति सुनील कुमार सोनी | सत्यनारायण पिता मोहनलाल सोनी, राजमल पिता मोहनलाल | वार्ड क्रं. 04 रामपुरा रोड भवन क्रं. 57 | विक्रय पत्र |
| 22 | धर्मवीर पिता रमेशचन्द्र छाबडा | रुकमण देवी पति रमेशचन्द्र, धर्मवीर मनीष छाबडा पिता रमेशचन्द्र छाबड | वार्ड क्रं. 15 रामनगर भवन क्रं.215 का भाग | विक्रय पत्र, हक त्याग |
| 23 | मुकेशकुमार पाटीदार पिता सीताराम पाटीदार | बरखा गांधी पति प्रदीप गांधी, नीलम गांधी पति पंकज गांधी | वार्ड क्रं. 10 न्यू उषागंज नवीन पंजी 86,87,89 का भाग | विक्रय पत्र |
| 24 | रमेशचन्द्र पाटीदार पिता सीताराम पाटीदार | चंदनबाला गांधी पति ललित गांधी, बरखा गांधी पति प्रदीप गांधी व अन्य | वार्ड क्रं. 10 न्यू उषागंज नवीन पंजी 86,87,89 का भाग कुल 620 वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 25 | शालु पति योगेश पंचारिया | उमेश पिता लालचन्द्र ग्रोवर | वार्ड क्रं. 15 आनंद विहार | विक्रय पत्र |
| 26 | दीपक सोनी पिता मुरलीधर सोनी | संजय व्यास पिता मांगीलाल व्यास | वार्ड क्रं. 07 सारडा तेलमील के पिछे सर्वे क्रं. 177/38(05) कुल 1000 वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 27 | मंजुबाई पति गोविन्द लौहार | समन्वय कंट्रक्शंन तर्फे अधिकृत पार्टनर अर्पित गुलाटी | वार्ड क्रं. 15 सांई सीटी पार्ट 02 कॉलोनी ब्लाक डी का भूखण्ड क्रं. 39 | विक्रय पत्र |
| 28 | इंदुबाला पति रमेशचन्द्र जोशी | दशरथ पिता रामनाथ मेघवाल | वार्ड क्रं. 15 ईश्वरनगर भू. क्रं. 30 का भाग | |
| 29 | भरत धाकड पिता प्रकाशचन्द्र धाकड | विनय पिता गोपाल पाटीदार | वार्ड क्रं. 15 आनंद विहार कालोनी भूखण्ड क्रं. 08 कुल 800 वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 30 | श्रीमती संगीता पति कृष्ण कुमार राठौर | अंतिमबाला पति विरेन्द्र कुमार कारपेन्टर | वार्ड क्रं. 9/15 आनंद विहार कॉलोनी भूखण्ड क्रं. 410 पर दर्ज कुल 1000 वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 31 | श्रीमती राधाबाई पति कन्हैयालाल राठौर | नारायण पिता तुलसीराम, बंसतीलाल, सत्यनारायण पिता तुलसीराम | वार्ड क्रं. 04 हरिजन बस्ती 1985-86 पंजी क्रं. 04 भवन क्रं. 142 पर दर्ज कुल 1013 वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 32 | सीमा पति विजय गुलाटी | शशिदेवी पति लजपतराय वधवा | वार्ड क्रं. 10 सत्यम विहार नवीन नामा. पंजी क्रं. 02 (वार्ड क्रं.02 अनुक्रमांक 62 पर दर्ज भू.क्रं. 50 का भाग कुल 900 वर्गफीट ) | विक्रय पत्र |
| 33 | श्री राकेश कुमार घोटा पिता रामचन्द्र घोटा | मेहनलाल पिता भुवानीराम चौधरी | वार्ड क्रं. 13 समदानी कलोनी नवीन नामां.पंजी क्रं. 02वार्ड क्रं. 13 सरल क्रं. 55 पर दर्ज कुल 1250 वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 34 | आशीष पिता नागेश जी हंसवाल | अंकित पिता गोविन्द सारडा | वार्ड क्रं. 07 रायल रेसीडेन्सी मकान क्रं. 395 भूखण्ड क्रं. 16 कूल 1100 वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 35 | भारती पति भानुप्रताप पुरोहित | एम.व्ही.एस. इन्फ्रेक्चर्स तर्फे मंगेश संघई | वार्ड क्रं. 07 रायल रेसीडेन्सी मकान सरल क्रं. 204 पर दर्ज | विक्रय पत्र |
| 36 | निकिता पुरोहित पति मन्नालाल पुरोहित | मुकेश पिता मांगीलाल पुरोहित | वार्ड कं. 03 काछी मोहल्ला भवन क्रं. 105 का भाग कुल 570.67 वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 37 | गायत्री दर्जी पिता विक्रम दर्जी | प्रवीण कुमार पिता सुरजमल मनावत, आनंदबाबु पिता सुरजमल | वार्ड क्रं. 02 रामपुरा रोड 02-14 1985-86 के अनुक्रंमाक 56 पर दर्ज स्थित कुल 450 वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 38 | महेश कुमार पिता घीसालाल राठौर | सगरबंशी माली समाज कल्याण समिति दशरथ, ताराचन्द्र, वरदीचन्द्र | वार्ड क्रं. 05 धोबी मोहल्ला भवन क्रं. 116 कुल 338 वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 39 | टासिम अहमद पिता सलीम अहमद | खालिद अहमद पिता सलीम अहमद | वार्ड क्रं. 14 विराणी कालोनी | |
| 40 | कल्पना पति अनिल कुमार लढा | लालचन्द्र पिता मोतीलाल राठौर | वार्ड क्रं. 09 नाईगली 1985-86 पंजी क्रं. 2-14 के अनु क्रं. 155 पर दर्ज | विक्रय पत्र |
| 41 | वरदीचन्द्र, तुलसीराम पिता मांगीलाल कछावा | मांगीलाल पिता डामरसी कछावा | वार्ड क्रं. 02 किशोर कालोन भवन क्रं. 17 पर दर्ज | मृत्यु प्रमाण पत्र, वारीसाना शपथ पत्र |
| 42 | पुजाबाई चण्डावला धोबी पति राधेश्याम चण्डावला | कलावतंी राठौर पति बद्रीलाल राठौर | वार्ड क्रं. 01 आम्बाक्षैत्र सर्वे क्रं. 570/1/1/2 कुल 700 वर्गफीट | डायवर्सन आदेश, विक्रय पत्र |

**डॉ. सीमा अजय तिवारी**
अध्यक्ष
नगर परिषद मनासा

**किशोर जोलान्या**
उपाध्यक्ष
नगर परिषद मनासा

**श्रीमती अर्चना पुष्कर झंवर**
सभापति, राजस्व एवं बाजार समिति
नगर परिषद मनासा

**अमरदास सैनानी**
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद मनासा

## कार्यालय :- नवीन कुमार निमावत, एडवोकेट

जवाहर मार्ग, जावद, जिला-नीमच (म.प्र.) मो.नं. 9425033929, 9806883929

### ** जाहिर सूचना **

बनाम :- सर्व साधारण

इस जाहीर सूचना के द्वारा सर्व साधारण एवं संबंधित पक्षकारान को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी ने श्रीमती शांतिबाई बैवा घीसालाल जी, उंकारलाल, ताराचंद, सुशीलाबाई, कैलाशीबाई, मायाबाई, ललिताबाई, मंजुबाई, शारदाबाई पिता घीसालाल जी, जाति बलाई, निवासीयान ग्राम दामोदरपुरा, तहसील जावद, जिला नीमच (म.प्र.) के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि प.ह.नं. 17, ग्राम दामोदरपुरा, तहसील जावद, में स्थित कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 53 रकबा 1.010 हे. भूमि जिसकी चतुरसीमा उत्तर में – सर्वे क्रमांक 55 की भूमि, दक्षिण में–सर्वे क्रमांक 238 की भूमि, पूर्व में–सर्वे क्रमांक 54 की भूमि, पश्चिम में–सर्वे क्रमांक 52 की भूमि को मेरे पक्षकार ने खाते खसरो में वर्णित भूमिस्वामी से क्रय करने का मौखिक अनुबंध किया है। मौखिक अनुबंध अनुसार मेरा व्यवहारी उक्त क्रय की जा रही सम्पत्ति के विक्रय धन का प्रतिफल विक्रेता को अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करायेगा। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति या संस्था का किसी भी प्रकार का कोई रहन, बय, दान, कब्जा व ऋण भार नहीं होने संबंधी विक्रेता द्वारा बताया गया है। उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे व्यवहारी के पक्ष में विक्रय धन राशि मेरे व्यवहारी द्वारा विक्रेता को अदा कर उप पंजीयक कार्यालय जावद में विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जायेगा जिस किसी व्यक्ति, संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज साक्ष्य के पाँच दिवस में कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। पंजीयन के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति पेश की जाती हैं तो मेरे व्यवहारी के मुकाबले व्यर्थ एवं प्रभावशून्य होगी जो सभी पक्षो पर बंधनकारी होगी।

दिनांक: 21.06.2024

भवदीय
नवीन कुमार निमावत, एडवोकेट, जावद

## कार्यालय :- नवीन कुमार निमावत, एडवोकेट

जवाहर मार्ग, जावद, जिला-नीमच (म.प्र.) मो.नं. 9425033929, 9806883929

### ** जाहिर सूचना **

बनाम :- सर्व साधारण

इस जाहीर सूचना के द्वारा सर्व साधारण एवं संबंधित पक्षकारान को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी ने श्री चतरभुज पिता नारायण जी, कंचनबाई पिता नारायण जी, शांतिबाई बैवा घीसालाल जी, औंकारलाल, ताराचंद, सुशीला, कैलाशीबाई, माया, ललिता, मंजु, शारदा पिता घीसालाल जी, जाति बलाई, निवासीयान ग्राम दामोदरपुरा, तहसील जावद, जिला नीमच (म.प्र.) के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि प.ह. नं. 17. ग्राम दामोदरपुरा, तहसील जावद, में स्थित कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 52 रकबा 1.010 हैं. भूमि जिसकी चतुरसीमा उत्तर में–सर्वे कमांक 55 की भूमि, दक्षिण में – सर्वे क्रमांक 238 की भूमि, पूर्व में–सर्वे क्रमांक 53 की भूमि, पश्चिम में–सर्वे क्रमांक 51 की भूमि को मेरे पक्षकार ने खाते–खसरो में वर्णित भूमिस्वामी से क्रय करने का मौखिक अनुबंध किया है। मौखिक अनुबंध अनुसार मेरा व्यवहारी उक्त क्रय की जा रही सम्पत्ति के विक्रय धन का प्रतिफल विक्रेता को अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करायेगा। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति या संस्था का किसी भी प्रकार का कोई रहन, बय, दान, कब्जा व ऋण भार नहीं होने संबंधी विक्रेता द्वारा बताया गया है। उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे व्यवहारी के पक्ष में विक्रय धन राशि मेरे व्यवहारी द्वारा विक्रेता को अदा कर उप पंजीयक कार्यालय जावद में विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जायेगा जिस किसी व्यक्ति, संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज साक्ष्य के पाँच दिवस में कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। पंजीयन के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति पेश की जाती है तो मेरे व्यवहारी के मुकाबले व्यर्थ एवं प्रभावशून्य होगी जो सभी पक्षों पर बंधनकारी होगी।

दिनांक 21.06.2024

भवदीय
नवीन कुमार निमावत, एडवोकेट, जावद

